卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केंद्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 151 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ( ऊधमसिंहनगर ) ♦सोमवार ♦9 मार्च 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## राज्यपाल के अभिभाषण के साथ गैरसैंण में बजट सत्र शुरू





भराड़ीसैंण (उद संवाददाता)। उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा भवन में सोमवार से बजट सत्र का विधिवत शुभारंभ हो गया। सत्र की शुरुआत सुबह 11 बजे राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) गुरमीत सिंह के अभिभाषण से हुई। राज्यपाल ने अपने संबोधन में धामी सरकार की पिछले एक वर्ष की उपलब्धियों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत करने के साथ ही भविष्य की योजनाओं और नीतिगत प्राथमिकताओं का रोडमैप सदन के सामने रखा। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में अल्पसंख्यक कल्याण और आधुनिक शिक्षा पर जोर देते हुए घोषणा की कि मदरसा बोर्ड के स्थान पर अब श्अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरणश का गठन किया गया है, ताकि अल्पसंख्यक छात्रों को मुख्यधारा की आधुनिक शिक्षा से जोड़ा जा सके। समाज कल्याण की उपलब्धियां गिनाते हुए उन्होंने बताया कि जनवरी 2025 से 2026 के बीच 9.62 लाख से अधिक पेंशनरों के खातों में 1000 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि हस्तांतरित की गई है। पहाड़ों से पलायन रोकने और सीमांत क्षेत्रों में बसावट को प्राथमिकता देते हुए राज्यपाल ने बताया कि 'वाइब्रेंट विलेज' योजना के तहत चारधाम मार्गों पर निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी हैं। उन्होंने जानकारी दी कि उत्तरकाशी वन प्रभाग में एशिया का पहला श्स्नो लेपर्ड कंजर्वेशन सेंटरश स्थापित किया जा रहा है। इसके अलावा, मानव-वन्यजीव संघर्ष में राहत राशि को 6 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दिया गया है। पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत शत-प्रतिशत आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं और 1321 भूमिहीन परिवारों को पट्टे आवंटित किए गए हैं। राज्य को तकनीक से जोड़ने की दिशा में राज्यपाल ने कहा कि आईटीडीए के अंतर्गत 'इमर्जिंग टेक्नोलॉजी प्रभाग' स्थापित किया गया है, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को प्रोत्साहित करेगा। डिजिटल उत्तराखंड पोर्टल के माध्यम से सरकारी सेवाओं को पारदर्शी बनाया गया है। शहरी निकायों में स्वच्छता के लिए स्ट्रीट लाइट मैनेजमेंट सिस्टम और डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण पर जोर दिया गया है। साथ ही, 46,200 से अधिक रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को 75 करोड़ रुपये का ऋण उपलब्ध कराया गया है।स्वास्थ्य सेवाओं का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने बताया कि देहरादून के हर्रावाला में 300 बेड के कैंसर और मेटरनिटी केंद्र का निर्माण गतिमान है। सरकारी अस्पतालों (शेष पृष्ठ 7 पर)

## विपक्ष का भारी हंगामा,अभिभाषण के बीच सदन से वॉकआउट

### सत्र की अवधि बढ़ाने की मांग को लेकर कांग्रेस विधायकों ने दिया धरना



भराड़ीसैंण (उद संवाददाता)। उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को सदन के भीतर और बाहर राजनीतिक पारा चरम पर रहा। एक ओर जहां राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने अभिभाषण के माध्यम से सरकार का विजन रखा, वहीं दूसरी ओर विपक्ष ने सत्र की बेहद संक्षिप्त अवधि को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। कांग्रेस विधायकों ने राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान ही सदन से वॉकआउट कर अपना विरोध दर्ज कराया। सत्र शुरू होने से पहले ही कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह, भुवन कापड़ी, हरीश धामी, मनोज तिवारी और अनुपमा रावत विधान भवन की सीढ़ियों पर धरने पर बैठ गए। विधायकों ने हाथों में पट्टिकाएं पकड़कर सरकार विरोधी नारेबाजी की। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि सरकार ने पहले से ही दो दिन की अवधि तय कर लोकतांत्रिक परंपराओं का गला घोंटा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार महंगाई, बेरोजगारी और पलायन जैसे ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा से भाग रही है और प्रश्नकाल को सीमित कर जनता की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। सदन के बाहर प्रदर्शन कर रहे विपक्षी नेताओं को मनाने के लिए कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा पहुंचे। उन्होंने विधायकों से वार्ता की और सत्र को सुचारू रूप से चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के विकास और बजट पर सार्थक चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन विपक्ष का अड़ियल रुख जनहित में नहीं है। सदन के भीतर कांग्रेस का विरोध था, तो बाहर सड़कों पर उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) के कार्यकर्ताओं ने दिवालीखाल में मोर्चा संभाला। कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड तोड़कर आगे (शेष पृष्ठ सात पर)

## सरकार के खिलाफ यूकेडी का हल्लाबोल,कई प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

भराड़ीसैंण/गैरसैंण (उद संवाददाता)। उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में भारी राजनीतिक सरगर्मी और हंगामा देखने को मिला। उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर सड़कों पर उतरकर सरकार के विरुद्ध जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तीखी झड़प हुई, जिसके बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को पानी की बौछार (वाटर कैनन) का सहारा लेना पड़ा। प्रदर्शन की शुरुआत से ही यूकेडी कार्यकर्ता आक्रामक नजर आए। दिवालीखाल इलाके में कार्यकर्ताओं ने पुलिस द्वारा लगाए गए सुरक्षा घेरे को चुनौती (शेष पृष्ठ सात पर)



## भिड़ंत के बाद कई वाहनों में लगी आग,महिला की मौत,15 घायल



हरिद्वार (उद संवाददाता)। देहरादून-हरिद्वार हाईवे पर रविवार देर रात एक हृदयविदारक हादसा हो गया। मोतीचूर फ्लाईओवर पर चार वाहनों की आपस में हुई जोरदार टक्कर के बाद उत्तराखंड रोडवेज की बस समेत कई वाहनों में भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड और दुर्घटना में एक महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 15 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद हाईवे पर करीब 9 किलोमीटर लंबा जाम लग गया और घंटों तक चीख-पुकार मची रही। मिली जानकारी के अनुसार रविवार रात फ्लाईओवर पर तेज गति से जा रहे एक ट्रक, एसयूवी कार, डंपर और रोडवेज बस के बीच जबरदस्त भिड़ंत हुई। टक्कर इतनी भयानक थी कि कार का सीएनजी सिलेंडर फट गया, जिससे निकली चिंगारी ने देखते ही देखते विकराल आग का रूप ले लिया। आग की लपटें इतनी ऊंची थीं कि दूर से ही मंजर खौफनाक नजर आ रहा था। इस दौरान उत्तराखंड परिवहन निगम की बस पूरी (शेष पृष्ठ सात पर)

## सफाईकर्मियों और सुरक्षाबलों के बीच पहुंचे सीएम



भराड़ीसैंण (उद संवाददाता)। उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र के आगाज से पूर्व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एक अलग ही अंदाज में नजर आए। सोमवार सुबह सत्र की औपचारिक शुरुआत से पहले मुख्यमंत्री भराड़ीसैंण (गैरसैंण) की वादियों में पैदल सैर पर निकले। इस दौरान उन्होंने केवल प्रकृति का आनंद ही नहीं लिया, बल्कि विधानसभा परिसर की व्यवस्थाओं में जुटे धरातल के कर्मचारियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। मुख्यमंत्री ने अपने भ्रमण के दौरान परिसर की स्वच्छता सुनिश्चित कर रहे सफाई कर्मियों, सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस के जवानों और विधानसभा सत्र के सफल संचालन के लिए दिन-रात जुटे अन्य कर्मचारियों से आत्मीय भेंट की। सीएम ने सभी का कुशलक्षेम जाना और उनके कार्यों की सराहना करते हुए सीधा संवाद किया। कर्मचारियों ने भी अपने बीच मुख्यमंत्री को पाकर प्रसन्नता व्यक्त की और अपनी कार्यप्रणाली के अनुभव साझा किए। सैर के दौरान मुख्यमंत्री विधानसभा के रसोई घर (कैंटीन) में भी पहुंचे। यहां उन्होंने सत्र के दौरान माननीयों और कर्मचारियों के लिए तैयार हो रहे भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता का बारीकी से निरीक्षण (शेष पृष्ठ सात पर)

## गुरुद्वारा कमेटी की बैठक में आय व्यय के ब्यौरे को लेकर हंगामा

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी नानकमत्ता की बैठक में आय-व्यय का विवरण न दिए जाने को लेकर सदस्यों ने जमकर हंगामा काटा।



पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच आयोजित इस बैठक में स्थिति उस समय तनावपूर्ण हो गई जब कुछ सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक के बाद हाथापाई की नौबत आ गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया। गुरुद्वारा कमेटी कार्यालय में प्रधान जोगिंदर सिंह संधू की अध्यक्षता में बैठक आहूत की (शेष पृष्ठ सात पर)

## बच्चा चोरी कर ले जाती महिला को दबोचा

### ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में बच्चा चोर महिला गैंग सक्रिय, पुलिस छानबीन में जुटी



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प कोतवाली क्षेत्र में जिस प्रकार से बच्चा चोरी की घटनायें बढ़ रही हैं उसे देखते हुए क्षेत्र में बच्चा चोर महिला गैंग के सक्रिय होने की चर्चायें तेजी से चल रही हैं। सोमवार प्रातः ट्रांजिट कैम्प की कृष्णा कालोनी से मासूम बच्चे को चुरा कर ले जा रही एक महिला को लोगों ने अपनी सूझबूझ से पकड़ कर उसके पास से बच्चा सकुशल बरामद कर लिया। लोगों ने मौके पर ही महिला की बेरहमी से पिटाई लगा दी। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची जिसके बाद लोगों ने पकड़ी गई महिला को पुलिस के सुपुर्द कर दिया और कोतवाली तक लोगों का हुजूम पुलिस के साथ पहुंचा। जहां पुलिस ने मामले की विस्तार से जानकारी ली। मौहल्ला कृष्णा कालोनी निवासी रजत ने बताया कि उसकी तीन वर्षीय मासूम पुत्री घर के बाहर खेल रही थी के तभी एक अज्ञात महिला उसकी पुत्री को अपने साथ ले जाने लगी। आसपास के लोगों ने जब उसे ऐसा करते देखा तो शोर मचाया। महिला पुत्री को लेकर शास्त्री नगर की ओर तेजी से ले जा रही थी। लोगों की भीड़ के साथ उसने महिला की पीछा किया और कुछ ही दूरी पर महिला को दबोच कर उसके पास से पुत्री को सकुशल वापस ले लिया। उसने बताया कि बच्चा चोरी कर ले जाने पर लोगों ने उस महिला को (शेष पृष्ठ सात पर)

# पशु प्रदर्शनी में विनोद चौधरी के पशु को मिला चैंपियन पुरस्कार

## गाय और भैंस की विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं को किया सम्मानित

गदरपुर (उद संवाददाता)। पशुपालन विभाग द्वारा सकेनिया स्थित मिनी खेल स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक वृहद पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के पशुपालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी उन्नत नस्ल के पशुओं का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी के दौरान गाय, भैंस, बछिया और कटिया की विभिन्न श्रेणियों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पशुपालकों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कारों से नवाजा गया।प्रतियोगिता के परिणामों में सकेनिया निवासी विनोद चौधरी पुत्र हरि सिंह के पशु को सर्वश्रेष्ठ चुनते हुए चैंपियन पशु पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दुधारू गाय श्रेणी में ओम प्रकाश पुत्र फतेहचंद को द्वितीय और लखन सिंह पुत्र की लाल को तृतीय पुरस्कार मिला। वहीं दुधारू भैंस श्रेणी में ओमप्रकाश पुत्र श्याम चंद ने प्रथम, सिमरत पुत्री संदीप कुमार ने द्वितीय और चरणदास पुत्र लक्ष्मण राम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त गाय हीफर, भैंस हीफर, बछिया और कटिया श्रेणियों में भी अव्वल रहे पशुपालकों को



पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी पशुपालकों को सांत्वना पुरस्कार भी भेंट किए



गए।कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजय चौधरी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में कुमाऊं मंडल पशुपालन विभाग के अपर निदेशक डॉक्टर रमेश नितवाल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के सलविंदर सिंह कलसी और अन्य प्रगतिशील पशुपालक मौजूद रहे। वरिष्ठ पशुचिकित्साधिकारी डॉक्टर रविशंकर झा ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। निर्णायक मंडल में डॉक्टर मुकेश पाण्डेय, डॉक्टर कोमल सिंह, डॉक्टर शुमायला मलिक, डॉक्टर प्रकाश वैष्णव, डॉक्टर रवि खुल्बे और डॉक्टर पूजा बाटला शामिल रहे। आयोजन को सफल बनाने में क्षेत्रीय अधिकारी खड्क सिंह, पशु धन प्रसार अधिकारी शिवम वर्मा, अंशू कुमार, तारिक अली, राणा प्रताप सिंह, धर्मेंद्र वर्मा तथा फार्मासिस्ट नीता और रवीन्द्र पांगती ने विशेष सहयोग दिया। इस दौरान जगदीश, विनोद कुमार, मलकीत चंद, राकेश कंबोज सहित बड़ी संख्या में पशुपालक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने इस अवसर पर पशुपालन को लाभकारी बनाने और उन्नत नस्लों के संरक्षण पर जोर दिया।

# प्रजापति ब्रह्मकुमारी की शाखा में मनाया गया महिला दिवस

सितारगंज(उद संवाददाता)।अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विधाता की स्थानीय शाखा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ग्रहणी, डॉक्टर, शिक्षक राजनीतिक आदि संस्थाओं से जुड़ी करीब 130 महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान संदेश दिया गया कि महिलाओं को सशक्त होना समाज की प्रगति के लिए जरूरी है। प्रजापति ब्रह्मकुमारी प्रभु वरदान भवन शिव शक्ति कॉलोनी स्थित ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विधाता की स्थानीय शाखा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया था। प्रोग्राम में सर्व समाज की महिलाएं सम्मिलित हुई। इस दौरान ब्रह्मकुमारी शाखा की तरफ से समस्त महिलाओं



को सम्मानित किया गया कार्यक्रम में शक्ति फार्म नानकमत्ता और कर घटिया से आई बहनों ने भी भाग लिया। यहां महिलाओं ने कहा कि एक सशक्त राष्ट्र बनाने के लिए महिलाओं को समान अधिकार, सुरक्षित वातावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और अवसर मिलना जरूरी है। इस तरह की नीतियों और सोच का समर्थन करना जरूरी हैं। जो महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और समान भागीदारी सुनिश्चित करती है कार्यक्रम का संचालन लता शर्मा, ईशा गुप्ता, मीना, मोहिनी, सीता सिंघल, मंजू बंसल, निर्मला जायसवाल, मनीषा मिगलानी, शिप्रा, कृष्ण आदि ने किया। इस मौके पर डॉक्टर रीना यादव डॉक्टर श्वेता शर्मा जिला पंचायत सदस्य शदब मलिक, संयोजिका निर्मला, सरोज, बाल आयोग सदस्य सुमन राय, मिनी अरोरा, गीता दुबे, शकुंतला मित्तल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता, ग्राम प्रधान ताहिर मलिक, क्षेत्र पंचायत सदस्य शाहजेब मलिक, जिला पंचायत सदस्य सूरज नारायण, डॉक्टर विकास अरोरा आदि मौजूद थे।

# वारंटियों पर बड़ा प्रहार, एक साथ 11 अभियुक्त गिरफ्तार

बाजपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर अजय गणपति द्वारा जनपद में लंबे समय से लंबित वारंटियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बाजपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक काशीपुर और क्षेत्राधिकारी बाजपुर के मार्गदर्शन में गठित पुलिस टीमों ने सोमवार, 09 मार्च 2026 को विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर कुल 11 वारंटियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए सभी अभियुक्त चोरी, दहेज उत्पीड़न, मारपीट, लापरवाही से मृत्यु कारित करने, चेक बाउंस और आबकारी अधिनियम



जैसे गंभीर मामलों में वांछित चल रहे थे।गिरफ्तार किए गए वारंटियों में संजय कॉलोनी निवासी गोपी उर्फ तारा सिंह (चोरी), सुल्तानपुर पट्टी निवासी मोहम्मद आजम (चोरी), टांडा बजरा निवासी प्रभात कुमार (दहेज उत्पीड़न व मारपीट) और हरिपुरा हरसान निवासी अभिजीत सिंह (लापरवाही से मृत्यु) शामिल हैं। इसके अलावा पुलिस ने विभिन्न फौजदारी वादों में वांछित रमेश कुमार निवासी कनौरा, महेश निवासी महेशपुरा, इरफान अली निवासी सुल्तानपुर पट्टी (चेक बाउंस), बलदेव सिंह उर्फ देवा और काका सिंह निवासी बन्नाखेड़ा (मारपीट व धमकी), सरजीत सिंह निवासी केसोवाला (चेक बाउंस) तथा आबकारी अधिनियम में वांछित विमला देवी निवासी केसोवाला को भी गिरफ्तार किया है।प्रभारी निरीक्षक नरेश चौहान के नेतृत्व में इस सफल अभियान को अंजाम देने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रहलाद सिंह, देवेंद्र मनराल, संदीप शर्मा, दीपक कौशिक, अशोक कांडपाल, जगदीश तिवारी, धीरेन्द्र परिहार सहित भारी पुलिस बल और महिला कांस्टेबल अदिति गोस्वामी शामिल रहीं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी 11 अभियुक्तों को आवश्यक विधिक औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। एसएसपी ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अपराध और अपराधियों के विरुद्ध जनपद पुलिस का यह सख्त अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# भाईचारा एकता मंच ने धूमधाम से मनाया नारी सम्मान समारोह

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भाईचारा एकता मंच का छठा नारी सम्मान समारोह खेड़ा स्थित आशुतोष विद्या मंदिर में धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में खटीमा से पहुंचे पूर्व राज्य मंत्री संतोष गौरव और समाजसेवी आरिफ अंसारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सैकड़ों महिलाओं को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए, साथ ही कार्यक्रम में पहुंची सभी महिलाओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। भाईचारा



एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष केपी गंगवार ने कहा कि संगठन हमेशा से गरीब बस्तियों में रहने वाले लोगों की समस्याओं के लिए आवाज उठाता रहा है। अब मंच बस्तियों के लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर उनके हक की लड़ाई लड़ेगा। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता राम प्रकाश गुप्ता, अवतार सिंह बिष्ट, गुरविंदर सिंह, रामपाल सिंह, उमेश भारती, काजल गंगवार, सुमन पंत, शीला चौधरी, रश्मि रघुवंशी, आसमा बी, बलजीत कौर, विमला बावरा, नन्ही देवी, अनीता, रिंकू यादव, मीनू राय, सीमा शर्मा, मीना गंगवार, सुनीता, मीना देवी, सीमा, साक्षी गुप्ता सहित सैकड़ों पदाधिकारी और बस्ती के लोग मौजूद रहे।

# महिला दिवस पर डॉ. रखोलिया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य के लिए डा. ऋतु रखोलिया, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष बाल रोग विभाग, राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी को निदेशक क्रीड़ा राशिद सिद्दीकी, एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी नैनीताल निर्मला पंत द्वारा सयुक्त रूप में सम्मानित किया गया। समारोह में कोच सुरेश पांडे, करण आर्या, वार्डन नितिन रावत एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



# शांभवी तिवारी को शुक्ला सहित कई गणमान्य लोगों ने किया सम्मानित

किच्छा। शहर की बसंत गार्डन कॉलोनी निवासी प्रतिभाशाली छात्रा शांभवी तिवारी ने अपने अथक परिश्रम और लगन के दम पर संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 46वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला सहित सांसद अजय भट्ट, सांसद प्रतिनिधि एके गुप्ता, स्वास्थ्य मंत्री प्रतिनिधि अभिषेक सक्सेना एवं वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव सिंह, देवभूमि व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष विजय अरोड़ा महामंत्री नितिन फुटेला, व्यापारी नेता अमन मदान सहित सैकड़ो संभ्रांत नागरिकों ने शांभवी तिवारी के निवास पर पहुंचकर उनका सम्मान किया तथा महिला दिवस पर शुभकामनाएं भी प्रेषित की। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला अपने सहयोगियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ शांभवी तिवारी के आवास पहुंचे और उन्हें शॉल ओढ़ाकर, स्मृति चिन्ह भेंट कर तथा मिठाई खिलाकर सम्मानित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि "शांभवी तिवारी की इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे किच्छा क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उनकी लगन, धैर्य और कड़ी मेहनत युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि वह भविष्य में देश की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।" उन्होंने कहा कि शांभवी की सफलता पंतनगर विश्वविद्यालय के लिए भी गर्व का विषय है, क्योंकि वह विश्वविद्यालय की पूर्व छात्रा हैं। उन्होंने बताया कि वह स्वयं पंतनगर विश्वविद्यालय के 1985 बैच के छात्र रहे हैं और वर्तमान में विश्वविद्यालय की प्रबंधन परिषद के सदस्य के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि पंतनगर विश्वविद्यालय की परंपरा रही है कि यहां से निकली प्रतिभाएं देश-दुनिया में अपना नाम रोशन करती रही हैं और शांभवी ने इस गौरवशाली परंपरा को और मजबूत किया है। शांभवी तिवारी ने पंतनगर विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक की पढ़ाई की है, जिसमें वह गोल्ड मेडलिस्ट रही हैं। बीटेक के बाद उन्होंने यूपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने का लक्ष्य तय किया और कठिन परिश्रम के बल पर यह मुकाम हासिल किया। इस अवसर पर शांभवी तिवारी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और मार्गदर्शकों को देते हुए कहा कि "यह सफलता केवल मेरी नहीं, बल्कि उन सभी लोगों की है जिन्होंने हर कठिन समय में मेरा हौसला बढ़ाया। मेरा प्रयास रहेगा कि मैं अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन कर देश की सेवा कर सकूं।" इस मौके पर मंडल अध्यक्ष गोल्डी गोराया, वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मराज जायसवाल, नितिन वाल्मीकि, शिक्षक ध्रुव पांडे, अनिल सिंह, शशांकांत शंखधर, प्रिंस तिवारी, सचिन वाल्मीकि, रचित सिंह, नवीन पांडे, संजू द्विवेदी, गिरीश चंद तिवारी, छात्र संघ सचिव अमन कुमार के अलावा पंकज चिट कारा सुमित तनेजा हाजी आफताब परमजीत सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे और शांभवी को शुभकामनाएं दीं।







# श्रम कानूनों में बदलाव और बढ़ती महिला हिंसा के विरुद्ध बुलंद की आवाज

## गांधी पार्क में संयुक्त सभा कर मजदूर संगठनों ने पूंजीवादी व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष का लिया संकल्प

रुद्रपुर। अंतरराष्ट्रीय श्रमिक महिला दिवस के अवसर पर प्रगतिशील महिला एकता केन्द्र, प्रगतिशील भोजन माता संगठन व इंकलाबी मजदूर केन्द्र ने शहर के गांधी पार्क में संयुक्त रुप से सभा की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि आज से सौ साल से भी अधिक समय पहले 8 मार्च,1908 को अमेरिका के न्यूयार्क शहर में काम के घंटे कम करने वेतन बढ़ाने और वोट देने का अधिकार दिये जाने की मांग को लेकर हजारों महिला मजदूरों ने प्रदर्शन किया था। इसी से प्रेरणा लेकर 1910 में डेनमार्क के कोपेनहेगन शहर में समाजवादी महिलाओं के अंतराष्ट्रीय सम्मेलन में हर साल 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय मजदूर महिला दिवस मनाने का एलान किया था तभी से पूरी दुनिया में यह क्रांतिकारी दिवस मनाया जा रहा है।कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि 8 मार्च का दिन पूरी दुनिया के मजदूर मेहनतकश महिलाओं को अपने पूर्वजों के संघर्ष को याद करते हुए आगे के लिए संघर्ष करने का संकल्प लेने का दिन है। वक्ताओं ने कहा कि आज केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा देशी–विदेशी पूंजीपतियों की सेवा करते हुए श्रम कानूनों को समाप्त कर 4 लेबर कोड बना दिए हैं, जिसमें महिला मजदूरों से रात की पाली व खतरनाक क्षेत्रों में काम कराने की खुली छूट दे दी गई है। काम के घंटे 8 के स्थान पर 12 करने, फिक्स टर्म एम्प्लॉयमेंट के तहत स्थायी रोजगार की गारंटी को समाप्त कर दी गई है। ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा दिया गया है। मजदूरों को संगठित होने व हड़ताल करने के संवैधानिक अधिकार पर हमला बोला गया है। छंटनी तालाबंदी की





पूंजीपतियों को खुली छूट दे दी गई है।वक्ताओं ने कहा कि आज हर क्षेत्र में महिलाएं काम कर रही हैं, सरकारी क्षेत्र को छोड़कर बाकी सभी जगहों पर महिला मजदूरों को पुरुष मजदूरों से काफी कम वेतन दिया जाता है। सरकार द्वारा स्कीम वर्कर्स के रूप में रखी आंगनबाड़ी कार्यकत्री, भोजन माताओं, आशा कार्यकत्रियों को न्यूनतम वेतन भी नहीं दिया जाता है उन्हें मानदेय दिया जा रहा है जिसकी तुलना बेगारी से की जा सकती है।कार्यस्थलों पर महिलाओं को मानसिक व यौन उत्पीडन का शिकार होना पड़ता है। महिलाओं को फैक्ट्री संस्थानों में काम के साथ साथ घर पर भी खटना पड़ता है। वक्ताओं ने कहा कि समाज में सभी तरह बुराईयों का दंश महिलाओं को झेलना पड़ता है। पूंजीवादी साम्राज्यवादी पतित उपभोक्तावादी संस्कृति का जहर हमारी नस्लों को बर्बाद कर रहा है। घटिया फिल्मों – गानों में महिलाओं को माल के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, इससे महिला हिंसा की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। छोटी छोटी बच्चियों से लेकर बुजुर्ग महिला तक दुष्कर्म का शिकार हो रही है। वक्ताओं ने कहा कि आज पूरी दुनिया में अपनी पूंजी बढ़ाने के लिए साम्राज्यवादी देश कमजोर देशों पर हमला कर रहे हैं। इन युद्धों में सबसे ज्यादा शिकार महिलाएं व बच्चे होते हैं। एपस्टीन फाईल से उजागर तस्वीरें इस पतित साम्राज्यवादी संस्कृति का चरम है जहां पर दुनिया भर के बढ़े बढे पूंजीपति एक्टर, नेता, आदि छोटी– छोटी बच्चियों से दुष्कर्म करते हैं । वक्ताओं ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार एक तरफ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देती है तो दूसरी तरफ भाजपा के राज में महिला हिंसा की घटनाएं हर साल बढ़ रही हैं। भाजपा के कई नेता महिला हिंसा में फंसे हुए हैं। उत्तराखंड में अंकिता भंडारी के दोषियों को बचाने में पूरी भाजपा लगी हुई है। भाजपा आरएसएस के सांप्रदायिक एजेंडे के चलते पूरे देश में साम्प्रदायिक तनाव बढ़ रहा है। अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय के खिलाफ नफरत बढ़ रही हैं, माबलीचिंग की घटनाएं बढ़ रही हैं।भाजपा आरएसएस ने मजदूर मेहनतकश जनता के अंदर सांप्रदायिक जहर भर दिया है। अब मजदूर मेहनतकश जनता सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष करने के स्थान पर आपस में ही उलझे हुए हैं। वक्ताओं ने कहा कि मोदी सरकार देश की सार्वजनिक संपत्ति को औने पौने दामों में अडानी– अंबानी सरीखे पूंजीपतियों को बेच रही है। मजदूर मेहनतकश जनता को मिलकर मोदी सरकार के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना होगा। सभा में मजदूर मेहनतकश महिलाओं को संगठित कर इस पूंजीवादी व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष कर बराबरी वाली व्यवस्था समाजवादी व्यवस्था को लाने के लिए जूझना होगा।कार्यक्रम की शुरुआत व समापन क्रांतिकारी गीतों से किया गया।कार्यक्रम में प्रगतिशील महिला एकता केन्द्र की रविन्दर कौर, वंदना, मीना, हीराकली, प्रगतिशील भोजन माता संगठन की तुलसी, उर्मिला,कमलेश यादव,धनवंती देवी, सुमित्रा देवी, रानी, इंकलाबी मजदूर केन्द्र की सुनीता, पिंकी गंगवार, कैलाश, सुरेन्द्र, दिनेश, परिवर्तन कामी छात्र संगठन की खुशी गंगवार, क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के राजेश तिवारी आदि लोगों ने भागीदारी की।

# खेड़ा ईदगाह भूमि को लेकर मुस्लिम समाज मिला डीएम से

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर की खेड़ा कॉलोनी स्थित ईदगाह की समस्या को लेकर शहर के मुस्लिम समाज के लोगों ने आज जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समाधान की मांग की है। सौंपे गये ज्ञापन में बताया गया कि खेड़ा कॉलोनी स्थित ईदगाह में पिछले करीब 60 वर्षों से ईद–उल–फितर और ईद–उल–अजहा के अवसर पर शहर भर के हजारों मुस्लिम समुदाय के लोग एकत्र होकर सामूहिक नमाज अदा करते आ रहे हैं। बीते 7 दिसंबर 2025 को नगर निगम द्वारा प्रशासनिक कार्रवाई के तहत ईदगाह की भूमि को अतिक्रमण बताते हुए अधिकांश भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया और वहां दीवार बना दी गई। इसके बाद से मुस्लिम समाज में रोष की स्थिति बनी हुई है। मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि ईद की नमाज में करीब 15 से 20 हजार लोग शामिल होते हैं, जबकि अब शेष बची भूमि पर इतनी बड़ी संख्या में नमाज अदा करना संभव नहीं है। ऐसे में आने वाली ईद



को लेकर शहर के मुस्लिम समाज में चिंता बनी हुई है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए, ताकि आगामी ईद की नमाज पूर्व की भांति शांतिपूर्ण और पारंपरिक तरीके से ईदगाह में अदा की जा सके। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि रुद्रपुर शहर में यही एकमात्र ईदगाह है, जहां वर्षों से भाईचारे और आपसी सौहार्द के साथ ईद की नमाज अदा की जाती रही है। इस दौरान जाहिद रजा रिजवी, इमाम मौलाना मुफ्ती दानिश मिस्बाही, मौलाना हनीफ रिजवी , मौलाना मुफ्ती सईद उर्रहमान , मौलाना आस मोहम्मद, मौलाना फर्मूद , मौलाना समीर नूरी, मौलाना जाफर , मौलाना सददाम , मौलाना जियाउल बशर , मौलाना नौशाद आलम , मौलाना कारी इकबाल , मौलाना कारी नासिर , मौलाना हाफिज तसव्वुर, मौलाना हाफिज फुरकान सहित शहर की समस्त मस्जिदों के सदर और मुस्लिम समाज के अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# ब्रह्मलीन मां हंसेश्वरी भारती के जन्मोत्सव पर श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ 10 मार्च से

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पूज्यनीय श्रीमद् वैष्णवी शक्ति पीठाधीश्वरी ब्रह्मलीन मां हंसेश्वरी भारती जी महाराज जी (स्वर्ग फार्म वाली देवी जी) के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 10 मार्च दिन मंगलवार से होना सुनिश्चित हुआ है। यह जानकारी देते हुए श्री वैष्णों भजन मंडल



के महंत भजन प्रकाश अरोरा व पूर्व पार्षद कंचन तथा सतनाम सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के तहत भव्य कलश शोभा यात्रा 10 मार्च दिन मंगलवार को वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम (वैष्णो देवी मंदिर), आदर्श कॉलोनी, रुद्रपुर से प्रारंभ होगी। श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ 11 मार्च दिन बुधवार से 17 मार्च दिन मंगलवार तक होगा। जिसमें कथा व्यास पूज्यनीय नारायण चौतन्य ब्रह्मचारी जी महाराज द्वारा श्री मद भागवत कथा का वर्णन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 18 मार्च दिन बुध वार को ध्वज यात्रा प्रातः 8:00 बजे से, हवन एवं पूर्णआहुति प्रातः 9:15 बजे एवं भजन कीर्तन प्रातः 10:00 बजे से प्रारम्भ होंगे। संत प्रवचन प्रातः 11 बजे से होगा। जिसके समापन पर पूज्यनीय देवी जी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा और दोपहर 1 बजे भंडारा प्रसाद वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 26 मार्च दिन गुरुवार को मंदिर में विशाल मां भगवती जागरण रात्रि 10 बजे से प्रारम्भ होगा। उन्होंने सभी से अनुरोध किया है कि उपरोक्त सभी कार्यक्रम अनुसार पहुंचकर पुण्य के भागी बने।

# टुकटुक यूनियन के पदाधिकारियों को किया सम्मानित

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। दिनेशपुर स्थित आम आदमी पार्टी के कार्यालय में टुकटुक यूनियन के पदाधिकारियों के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। आम आदमी पार्टी के बंगाली समाज मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष व्यापारी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में यूनियन के पदाधिकारियों को माला और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया, जिसके बाद उपस्थित वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। अपने संबोधन में सुभाष व्यापारी ने कहा कि आम आदमी पार्टी काम की राजनीति में विश्वास करती है और समाज के हर व्यक्ति को सम्मान पाने का पूरा अधिकार है। उन्होंने जोर देकर कहा कि टुकटुक चलाने वाले मेहनतकश भाइयों को सम्मानित करते हुए गर्व का अनुभव हो रहा है, क्योंकि वे अपनी कड़ी मेहनत से समाज की सेवा कर रहे हैं। इसी विचार को धरातल पर उतारने के लिए यूनियन के साथियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। सुभाष व्यापारी ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी साथियों का आभार व्यक्त करते हुए सामाजिक, राजनीतिक और शैक्षिक विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की और उन्हें जागरूक किया। सम्मान समारोह के दौरान बीडीसी सदस्य निखिल विश्वास, तपन कुमार, सुख रंजन विश्वास, रंजीत ढली, मनोरंजन साना, नरेश विश्वास, भक्ति दास सिकदर, गोकुल राय, मनोरंजन मंडल, सुकुमार मंडल, कालीपत विश्वास, दुब्बेंदु राय, गौरव कुमार, पंकज राय, राजू मजूमदार, महेश विश्वास, प्रकाश माझी, राजू मांझी और श्यामल मंडल सहित कई लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से मेहनतकश वर्ग में आत्मविश्वास बढ़ता है और समाज में उनके योगदान की पहचान होती है।




## सूचना सम्बंध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र सुजीत विश्वास व उसकी पत्नी श्रीमती संगीता विश्वास परिजनों का कहना नहीं मानते हैं। आये दिन घर में झगड़ा व कलह करते हैं। जिस कारण मैंने अपने पुत्र सुजीत विश्वास व उनकी पत्नी श्रीमती संगीता विश्वास से पारिवारिक सम्बंध विच्छेद करते हुए उन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में पुत्र सुजीत विश्वास व उनकी पत्नी श्रीमती संगीता विश्वास द्वारा किये गये किसी भी कार्य अथवा लेन देन के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होंगे। हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।।

रणजीत कुमार विश्वास पुत्र श्री नारायण चन्द्र
निवासी–वार्ड नं. 10– ठाकुर नगर, ट्रांजिट कैम्प, रूद्रपुर (ऊधमसिंह नगर), उत्तराखण्ड


# पंथक सेमिनार में पारित हुए चार अहम प्रस्ताव

बिलासपुर/गदरपुर (उद संवाददाता)। साका श्री ननकाना साहिब की याद और गुरुद्वारों की सेवा–संभाल को समर्पित एक विशाल पंथक सेमिनार का आयोजन बिलासपुर (उत्तर प्रदेश) के मन्नत गार्डन बैंकट हॉल में किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए सैकड़ों की संख्या में सिख श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सेमिनार के दौरान सिख इतिहास की गौरवशाली विरासत, वर्तमान चुनौतियों और गुरुद्वारों की मर्यादा बनाए रखने जैसे गंभीर विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व जत्थेदार ज्ञानी केवल सिंह, राजविंदर सिंह राही, खुशहाल सिंह, प्रीतम सिंह संधू और हरदीप सिंह डिब्डिबा सहित अनेक विद्वान वक्ताओं ने साका ननकाना साहिब के शहीदों की महान कुर्बानी को नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि यह ऐतिहासिक घटना हमें गुरुद्वारों की मर्यादा और सेवा–संभाल के प्रति सचेत रहने की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी नानकमत्ता साहिब के अध्यक्ष सरदार हरबंस सिंह चुग को उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही महान पंथक नेता सरदार करतार सिंह झब्बर के वंशज सरदार गुरचरण सिंह झब्बर का भी संगत की ओर से सम्मान किया गया। सेमिनार के दौरान संगत की सहमति से चार महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। तराई सिख महासभा ने निर्णय लिया कि संस्था का विस्तार कर सिख बुद्धिजीवियों और युवाओं को धार्मिक, सामाजिक व आर्थिक मसलों के समाधान के लिए जोड़ा जाएगा। महासभा वर्तमान में तराई के आठ जिलों में सक्रिय है, जहां अब हर महीने के पहले रविवार को सिख मसलों पर बैठकें आयोजित की जाएंगी। एक अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव में इन आठ जिलों के लगभग 1500 गुरुद्वारों में अकाल तख्त साहिब द्वारा प्रमाणित 'सिख रहत मर्यादा' लागू करने का संकल्प लिया गया। इसके अतिरिक्त, क्षेत्र में नई पीढ़ी को गुरमत से जोड़ने के लिए सिख महिलाओं की एक अलग विंग तैयार करने का निर्णय लिया गया, जो गांव–गांव जाकर ग्रंथी सिंहों के सहयोग से गुरमत कक्षाएं संचालित करेंगी। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रतपाल सिंघ द्वारा किया गया। सेमिनार में फतेहजीत सिंह, सतवंत सिंह, कर्नल गुरदेव सिंह, संतोख सिंह रंधावा, बलजीत सिंह गोलपार सहित भारी संख्या में संगत मौजूद रही। अंत में सूक्ष्म अरदास के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



# पुलिस थानों में उमड़ी मातृशक्ति, शिकायतों का हुआ त्वरित समाधान

## पुलिस लाइन में महिला पुलिसकर्मियों और परिवारों के लिए लगा निःशुल्क चिकित्सा शिविर





रुद्रपुर (उद संवाददाता)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं परिक्षेत्र रिद्धिम अग्रवाल के मार्गदर्शन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर अजय गणपति के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थानों व चौकियों में विशेष 'थाना दिवस ख्र कोशिश एक नई आशा' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान के तहत थानों में पहुंची महिलाओं की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुना गया और कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर उन्हें राहत पहुंचाई गई। पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं से सीधा संवाद कर उन्हें सुरक्षा, विधिक अधिकारों और कानून संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्रदान कीं।कार्यक्रम के दौरान ऐच्छिक ब्यूरो और महिला हेल्पलाइन में लंबित चल रहे मामलों की विशेष समीक्षा की गई। अधिकारियों ने इन प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए। इसके साथ ही महिलाओं को घरेलू उत्पीड़न, साइबर ठगी से बचाव के तरीकों, डायल 112 और महिला हेल्पलाइन नंबरों के प्रति भी जागरूक किया गया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाओं ने थानों में पहुंचकर अपनी समस्याएं साझा कीं और पुलिस की इस संवेदनशील पहल की सराहना की। इसी क्रम में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पुलिस लाइन रुद्रपुर में महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महिला पुलिसकर्मियों और पुलिस परिवार की महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने परामर्श देने के साथ ही आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध कराईं। शिविर में उपस्थित महिलाओं को बेहतर पोषण, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व और सामान्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बचाव के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस आयोजन के माध्यम से पुलिस विभाग ने महिला सुरक्षा के साथ-साथ उनके बेहतर स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।






## महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति हल्द्वानी में सम्मानित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हल्द्वानी स्थित हैट गार्डन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान हेल्पिंग हैंड चौरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संस्था की अध्यक्ष शशि द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में समिति द्वारा पिछले कई वर्षों से महिलाओं के सशक्तिकरण, सामाजिक जागरूकता और समाज सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे



सराहनीय कार्यों की विशेष रूप से प्रशंसा की गई।समारोह के दौरान समिति की अध्यक्ष डॉक्टर उषा नरेंद्र जैन को उनके नेतृत्व और सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति की उपाध्यक्ष राधा सुभाष, कविता रावत एवं सीता देवी भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में इस प्रकार के प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। समिति द्वारा किए जा रहे कार्य महिलाओं को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

## शिक्षिका अनु सिंघल को महिला दिवस पर मिली डॉक्टरेट की मानद उपाधि

रूद्रपुर। राजकीय प्राथमिक विद्यालय रविंद्र नगर, रुद्रपुर में कार्यरत शिक्षिका अनु सिंघल को संस्कृत भाषा विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए सोक्रेट्स सोशल रिसर्च यूनिवर्सिटी , ट्रस्ट के द्वारा महिला दिवस पर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में प्राथमिक कक्षाओं में संस्कृत भाषा के उच्चारण ओर संवाद को लेकर किए गए सकारात्मक प्रयासों से प्रभावित होकर शिक्षिका का को डॉक्टरेट की मानद उपाधि के लिए चयन कर उन्हें यह उपाधि प्रदान की।शिक्षिका द्वारा अपने किये गए कार्यों का अभिलेखीकरण दस्तावेज संस्था में प्रस्तुत किया ।शिक्षिका के संस्कृत संभाषण कार्य के प्रयासों को मां मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार श्री पुष्कर सिंह धामी जी भी सराहना कर चुके हैं।शिक्षिका द्वारा किए गए प्रयासों से आज



पहली कक्षा से पांचवीं कक्षा तक के बच्चे संस्कृत श्लोक , भगवद गीता श्लोक तथा सामान्य बोलचाल में भी संस्कृत भाषा का प्रयोग करते हैं। अनु सिंघल ने इस उपाधि को प्राप्त कर गौरवान्वित होते हुए इसका श्रेय अपनी माता श्रीमती बृजेश सिंघल ओर परिजनों को दिया।शिक्षिका द्वारा अपने इस कार्य में अमेरिका में भी अनेक प्रसिद्ध लोगों से संस्कृत भाषा में संवाद किया गया। इस अवसर पर शिक्षिका को महापौर रुद्रपुर विकास शर्मा जी ओर विधायक शिव अरोरा जी द्वारा भी शुभकामनाएं दी गई।




देहरादून में मुख्य सेवक सदन में महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में रूद्रपुर की आशा मुंजाल को सम्मानित करती कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग | गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

## भाजपा ने उद्यमी महिलाओं और समूह की बहनों को किया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नैनीताल रोड स्थित मधुबन बैंक्वेट हॉल में भारतीय जनता पार्टी जिला नैनीताल द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट और जिला अध्यक्ष कंचन उप्रेती की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज में उत्कृष्ट कार्य कर रही उद्यमी महिलाओं और विभिन्न समूहों से जुड़ी बहनों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री रश्मि रस्तोगी ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए उनके विचारों से सभी का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में महिला सशक्तीकरण पर जोर देते हुए वक्ताओं ने महिलाओं की समाज में बढ़ती भागीदारी की सराहना की। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दर्मवाल, प्रदेश मंत्री विजया लक्ष्मी चौहान, प्रदेश प्रवक्ता कल्पना बोरा, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी भूमिका गोयल, प्रदेश कुमाऊं संयोजक अल्का जीना, प्रदेश सह सोशल मीडिया श्रुति तिवारी, नीमा बिष्ट, संचालन राशि जैन और आभा गोस्वामी सहित अनेकों महिलाएं उपस्थित रहीं।



## राष्ट्रीय लोकमंच ने किया महिलाओं को सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राष्ट्रीय लोक मंच ने मातृशक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। जिनमें प्रोफेसर कमला पंत, डॉक्टर भगवती पनेरू, बार एसोसिएशन की उपाध्यक्ष भगवती पलड़िया, राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित सेवा निवृत्ति नर्सिंग अधीक्षक रंजना वालिया, वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका त्रिपाठी, महनाज जहां, हेमलता जोशी, रितु होरा, रूबी भटनागर, बसंती बिष्ट, भावना बुधानी, निशा आर्य, संगीता टाकुली, किरण हेडिया शामिल हैं। कार्यक्रम के संयोजक हल्द्वानी बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि समाज के निर्माण में मातृशक्ति का हमेशा से महत्वपूर्ण योगदान रहा है। महिलाओं के बिना उन्नत राष्ट्र की कल्पना नहीं की जा सकती। वर्तमान समय में जिस तरह महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़कर नेतृत्व कर रही हैं यह भविष्य के लिए बहुत अच्छा संकेत है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अधिवक्ता योगिता बिष्ट, ज्योति परिहार, प्रियंका जोशी, हरिता पंत, अंजू आर्य, हिमानी सनवाल, सोनिया चौहान, सुनीता भट्ट, सारिका मित्तल, गुलशन जहां, सुचित्रा बेलवाल, आशा सिंह, कोमल पांडे, नमीता वर्मा, नीलू शर्मा, शिखा रानी, प्रीति दरमवाल, रेनू शर्मा पांडे, रेखा ग्वाल, किरण तिवारी, बसीरत जहां, शिवानी, सिमरन, आयुषी आर्य शर्मा, शिखा राठौर, लाइबा नूर, नीतू खुल्बे, रोशनी मिश्रा, किरण थापा, श्रेयांशी, अंजलि बिष्ट, अभिलाषा रावत आदि उपस्थित थे।



# डीएम ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में डॉ. एपीजे सभागार में सम्मान समारोह आयोजित

रूद्रपुर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में डॉ. एपीजे सभागार में महिला सशक्तिकरण विषय पर जनपद स्तरीय सम्मान समारोह एवं कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी द्वारा जिलाधिकारी को पौधा भेंट कर स्वागत करते हुए किया गया। इसके पश्चात सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने उपस्थित सभी महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की












शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं तथा अनेक महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने जीवन का स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए तथा लक्ष्य प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्प के साथ दोगुने उत्साह और परिश्रम से कार्य करना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाओं में कार्य के प्रति समर्पण, धैर्य एवं नेतृत्व क्षमता स्वाभाविक रूप से विद्यमान होती है, जिसके कारण वे परिवार के साथ-साथ अपने कार्यक्षेत्र में भी सफलतापूर्वक दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं। उन्होंने जेंडर न्यूट्रैलिटी पर बल देते हुए कहा कि समाज में महिला और पुरुष को समान अवसर मिलना आवश्यक है, तभी संतुलित और विकसित समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि शासन एवं प्रशासन महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा तथा उनके सशक्तिकरण के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाएं परिवार की धुरी होती हैं और घर की जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए भी अपने व्यक्तिगत विकास एवं स्वास्थ्य पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। किसी भी राष्ट्र का समग्र विकास तभी संभव है जब महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ें। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, आशा कार्यकर्त्रियों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं तथा विभिन्न विभागों में कार्यरत महिला कर्मियों द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए तथा राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए तथा उनके कार्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों को बाल विवाह उन्मूलन की शपथ दिलाते हुए कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक कुरीति है, जो बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सर्वांगीण विकास में बाधा उत्पन्न करती है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य को प्रभावित करती है। उन्होंने सभी से संकल्प लेने का आह्वान किया कि हम बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता फैलाएंगे, प्रत्येक बालक-बालिका को शिक्षा एवं सुरक्षा का अधिकार दिलाने के लिए कार्य करेंगे तथा समाज को बाल विवाह मुक्त बनाने में अपना सक्रिय योगदान देंगे। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, जिला पंचायत राज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल, एसीएमओ डॉ. हरेंद्र मिश्रा, खंड विकास अधिकारी आतीया परवेज, अधिशासी अभियंता जल निगम सुनील जोशी, अधिशासी अभियंता जल संस्थान तरुण शर्मा, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नंदिनी तोमर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां, आशा कार्य कर्त्रियां, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं एवंअन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# वर्ल्ड कप जीतने पर आतिशबाजी के साथ देर रात जश्न

रुद्रपु(उद संवाददातार)। भारतीय टीम की ऐतिहासिक जीत के बाद शहर में देर रात तक जश्न का माहौल रहा। सिटी क्लब में बड़ी संख्या में लोग एकत्र





हुए और भारतीय टीम की जीत का उत्सव मनाया। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई और भारत माता की जय के नारों से पूरा माहौल गूंज उठा। मैच समाप्त होते ही क्रिकेट प्रेमी सिटी क्लब पहुंच गए। लोगों ने तिरंगा लहराकर खुशी जाहिर की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला और देर रात तक जश्न चलता रहा।इस मौके पर मेयर विकास शर्मा ने कहा कि भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे देश का मान बढ़ाया है। खिलाड़ियों की मेहनत और जज्बे ने हर भारतीय को गर्व महसूस कराया है। उन्होंने कहा कि इस जीत ने देशवासियों को एकजुट करने का काम किया है।वहीं पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल दिखाया और देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि टीम की यह जीत आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक है और पूरे देश के लिए गर्व का पल है।इस दौरान पंकज बांगा,संजय ठुकराल, प्रमोद मित्तल, राजेश घीक,ललित बिष्ट, राजेश आहूजा, टिल्लू जल्होत्रा, संजीव अरोरा,विजय तोमर, सोनू सहित शहर के कई जनप्रतिनिधि , समाजसेवी और बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे। सभी ने भारतीय टीम की जीत पर खुशी जाहिर करते हुए खिलाड़ियों को बधाई दी।

# मंहगाई के खिलाफ महिला कांग्रेस ने निकाला कैंडिल मार्च

हल्द्वानी। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महानगर महिला कॉग्रेस द्वारा एपस्टीन फाइल मे केंद्रीय मंत्री हरदीप पूरी का नाम आने, भाजपा सरकार मे असुरक्षित महिलाओ एवं बढ़ती महंगाई के विरोध मे महिला कॉग्रेस द्वारा बुद्ध पार्क तिकोनिया से एस डी एम कोर्ट तक महिला कॉग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष जया कर्नाटक के नेतृत्व मे कैंडल मार्च निकाला गया। कार्यक्रम मे महिला कॉग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता कश्यप, महा




नगर अध्यक्ष महानगर महिला कॉग्रेस रुद्रपुर मोनिका ढाली, अध्यक्ष महानगर महिला कॉग्रेस काशीपुर पूजा सिंह, नगर अध्यक्ष महिला कॉग्रेस नैनीताल भावना भट्ट, बीना जोशी, कमला सनवाल, हेमा देवी, मोनिका सती, विमला सांगुड़ी, निकिता टम्टा, रजनी, सुनीता टम्टा, सुनीता प्रसाद, कमर जहाँ, शारदा बमेठा, भगवती जोशी, भगवती बिष्ट, जस्सी देवल यादव, सोनिया खड़का, मंजू दानु, राधा आर्या, चंपा त्रिपाठी, रेखा यादव, गीता देवी, शान्ति बोरा, कोमल आर्या, निर्मला जोशी आदि महिलायें रही।

# महिला दिवस पर महिला को पोल में बांधकर पीटा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रविवार को जहां भारत के साथ विश्व के कई देशों में उल्लेखनीय कार्यों के लिए महिलाओं को सम्मानित किया जा रहा था तो वही जिला मुख्यालय रुद्रपुर में बच्चा चोरी करने के प्रयास का संदेह करते हुए कई लोगों के साथ महिलाओं ने एक महिला को विद्युत पोल के साथ बांधकर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर ट्रांजिट कैम्प कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला को उनके चंगुल से मुक्त कराया और मामले की विस्तार से जानकारी ली। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह करीब 11 बजे ट्रांजिट कैंप के ठाकुर नगर के मैदान में कुछ बच्चे खेल रहे थे। तभी एक महिला वहां पहुंची और बच्चों से अपने साथ चलने को कहने लगी। यह देखकर बच्चों के माता-पिता और आसपास के लोग जुट गए। महिला पर बच्चा चोरी का शक जताते हुए लोगों ने उसे पकड़ लिया और बिजली के पोल से बांधकर बेरहमी से पीट दिया। मामले की सूचना मिलते ही ट्रांजिट कैम्प कोतवाली के एसआई महेश कांडपाल टीम के साथ मौके पर पहुंचे और वहां पर मौजूद लोगों से पूरी जानकारी ली। स्थानीय महिलाएं पुलिस के सामने भी महिला को थप्पड़ मारती रहीं। पुलिस आक्रोशित लोगों को समझाकर किसी तरह से महिला को थाने ले आई। इधर पुलिस का कहना है पूछताछ के दौरान महिला खुद से बातें करने लगी। उन्होंने बताया वह महिला पहले भी थाने में हंगामा कर थाने में दीवार पर अपना सिर मार चुकी थी। उसकी मानसिक स्थिति को देखते हुए उसे छोड़ दिया है। उसकी पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

# महाराजा अग्रसेन चौक पर मातृशक्ति का हुआ भव्य सम्मान

## भाजपा जिला मंत्री और संस्कार भारती के पदाधिकारियों ने समाजसेवी महिलाओं का बढ़ाया हौंसला

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रुद्रपुर स्थित महाराजा अग्रसेन चौक पर एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहर की विभिन्न समाजसेवी और सक्रिय महिलाओं को उनके द्वारा समाज हित में किए जा रहे कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। भाजपा उधम सिंह नगर के जिला मंत्री प्रमोद मित्तल एडवोकेट के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्कार भारती रुद्रपुर के अध्यक्ष कुशल अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने मातृशक्ति के योगदान की सराहना की।इस अवसर पर प्रमोद मित्तल, कुशल अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, प्रमोद यादव, अशोक नेगी, जितेंद्र साहनी, वैभव मित्तल, पुरुषोत्तम बंसल, विजय अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, पंकज मित्तल, अमित अग्रवाल, मनोज नागपाल, सौरभ अग्रवाल, अलिंद अग्रवाल एवं अग्रवाल सभा रुद्रपुर के महामंत्री अमित जैन लोहिया सहित उपस्थित सभी साथियों द्वारा महिलाओं का सम्मान किया गया। सम्मानित होने वाली महिलाओं में मुख्य रूप से अंजली नागपाल, अर्चना राय, अरुणा बंसल, अनुराधा जैन, आस्था अग्रवाल, आक्षी अग्रवाल, उषा अग्रवाल, दीपिका मित्तल, नेहा बंसल, नेहा मित्तल, पूजा मित्तल, प्रीति अग्रवाल, प्रीति धीर, रजनी रावत, सपना मित्तल, साधना शर्मा, सुषमा अग्रवाल, स्वाति शर्मा और मोहिता अग्रवाल शामिल रहीं।कार्यक्रम के दौरान




वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए कहा कि समाज के निर्माण और संस्कारों के संवर्धन में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिलाओं के बिना एक आदर्श समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। वक्ताओं ने जोर देते हुए कहा कि महिलाओं का सम्मान करना और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने समाज सेवा में जुटी इन महिलाओं के जज्बे को सलाम किया और भविष्य में भी इसी प्रकार सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

# महिला ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर श्एक समाज श्रेष्ठ समाजश संस्था द्वारा महिला ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू और मार्गदर्शक पूर्णिमा रजवार के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने हल्द्वानी एसडीएम कोर्ट चौराहे पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों को अंगवस्त्र पहनाकर और माँ दुर्गा की प्रतिमा भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान संस्था के सदस्य मनीष साहू और पूजा जोशी ने संयुक्त रूप से नारी शक्ति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाएं समाज को माँ, बहन, पत्नी और बेटी के रूप में एकता के सूत्र में बांधकर रखती हैं। आज के समय में यह अत्यंत आवश्यक है कि महिलाएं और लड़कियां स्वयं आगे बढ़कर अपने अधिकारों को पहचानें और आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने भारतीय सेना सहित विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का उदाहरण देते हुए कहा कि जब भी




भारतीय नारी को अवसर मिला है, उन्होंने अपनी असीम क्षमताओं का परिचय देकर देश को प्रगति की नई बुलंदियों पर पहुँचाया है। भारत को विश्व गुरु बनाने में नारी शक्ति का योगदान निश्चित रूप से अहम रहेगा।इसी क्रम में यातायात निरीक्षक शिवराज बिष्ट और एसआई कमल किशोर ने भी महिला ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के कठिन परिश्रम और सेवा भाव की सराहना करते हुए उन्हें महिला दिवस की बधाई दी। सम्मान समारोह के दौरान संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू, पूर्णिमा रजवार, अलका टंडन, पूजा जोशी, सुनीता तिवारी, शांति रावत, खुशी नागर, ममता खत्री, माही बिष्ट, रेनू कांडपाल, जया जोशी, तारा टकवाल, मनीष साहू, सूरज मिस्त्री, नमन तिवारी, सुशील राय, दीपक कुमार, मुकेश कुमार और सूरज कुम्हार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# 'कोशिश एक नई आशा' के तहत मनाया विशेष थाना दिवस

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कुमायूँ पुलिस द्वारा पुलिस महानिरीक्षक कुमायूँ परिक्षेत्र रिद्धिम अग्रवाल के निर्देशन में परिक्षेत्र के समस्त जनपदों के थानों में "कोशिश एक नई आशा" थीम के अंतर्गत विशेष थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित, सशक्त और जागरूक बनाने के साथ ही उनकी शिकायतों का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान महिला हेल्पलाइन और ऐच्छिक ब्यूरो में लंबित प्रकरणों से संबंधित पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को पुलिस अधिकारियों ने अत्यंत गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना।आयोजन के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने प्रत्येक मामले का बारीकी से परीक्षण किया और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। थाना दिवस के माध्यम से महिलाओं को उनके विधिक अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, दहेज उत्पीड़न और छेड़छाड़ जैसे अपराधों से निपटने के लिए बने कानूनी प्रावधानों और महिला सहायता हेल्पलाइन नंबरों के प्रति भी जागरूक किया गया। अभियान की महत्ता को देखते हुए जनपद प्रभारियों ने अपने क्षेत्र के एक-एक थाने में स्वयं उपस्थित रहकर जनता की समस्याओं को सुना। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारियों ने भी अपने अपने क्षेत्रों के थानों में मौजूद रहकर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की। कुमायूँ पुलिस ने इस आयोजन के माध्यम से स्पष्ट संदेश दिया कि महिला सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी शिकायत पर निष्पक्ष व त्वरित कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान महिलाओं के भीतर पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।





# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## युद्ध का व्यापक असर

जब दो या अधिक देशों के बीच युद्ध का मोर्चा खुलता है, तो उसका असर सिर्फ इस रूप में सामने नहीं आता कि एक-दूसरे पर किए गए हमले के नतीजे में जानमाल की व्यापक क्षति होती है। बल्कि जंग के लंबा खिंचने पर कई स्तरों पर जरूरी सामग्री की आपूर्ति बाधित होती है और नतीजतन बाजार में लगभग सभी चीजों की कीमतें तेजी से बढ़ने लगती हैं।ईरान पर इजरायल और अमेरिका के साझा हमले के बाद जिस बात का डर था, उसकी शुरुआत अब हो चुकी है। यानी जो देश इस जंग में शामिल नहीं हैं, उन तक भी इसकी आंच पहुंचनी शुरू हो चुकी है। हाल ही में भारत के शेयर बाजार पर भी इसका असर देखा गया, जहां बड़ी गिरावट की वजह से निवेशकों को लगभग उन्नीस लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ।चूंकि युद्ध की तीव्रता में फिलहाल कोई नरमी नहीं देखी जा रही है, इसलिए यह स्थिति अभी कायम रहने की आशंका है। मगर इससे इतर अब युद्ध का असर देश के आम लोगों के घर के दरवाजे तक पहुंचना शुरू हो चुका है। मसलन, रसोई गैस की कीमत में साठ रुपए की बढ़ोतरी कर दी गई है।कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित होने की वजह से भारत सहित अन्य कई देशों को नए रास्तों की ओर देखना पड़ रहा है। इस बीच कच्चे तेल की कीमतों के सौ डालर प्रति बैरल तक पहुंचने की आशंका जताई जा रही है।अंदाजा लगाया जा सकता है कि बाजार के इस रुख का असर कहां तक जा सकता है और अगर युद्ध लंबा खिंचा, तो वैसे देशों में कैसी मुश्किल पैदा होगी, जहां की अर्थव्यवस्था और जीवनयापन का एक बड़ा हिस्सा बाहर से आपूर्ति पर निर्भर है।इजरायली हमले के बाद प्रतिक्रिया में ईरान ने जो रुख अख्तियार किया है, उससे पहले ही कई मुख्य तेल उत्पादक देशों में असुरक्षा का माहौल है। फिर होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों के रास्ते को ईरान ने जिस तरह बाधित कर दिया है, उससे दुनिया के एक बड़े हिस्से में तेल की आपूर्ति प्रभावित होगी।होर्मुज की नाकाबंदी की वजह से उस इलाके में फंसे जहाजों को लंबा रास्ता तय करना होगा। भारत के सामने ही स्थिति यह है कि इसके पास अगले छह से आठ हफ्ते का तेल भंडार है। स्वाभाविक ही भारत को अब तेल के लिए अन्य वैकल्पिक स्रोतों की ओर देखना होगा। राहत की बात यह है कि एक ओर रूस ने भारत को तेल बेचने की पेशकश की, तो दूसरी ओर अमेरिका ने भी इस मसले पर नरम रुख अपनाया है। इसके बावजूद पश्चिम एशिया में चल रहे इस युद्ध का असर केवल वैश्विक स्तर पर तेल और गैस के बाजारों पर ही नहीं पड़ा है, बल्कि तनाव में बढ़ोतरी कई बड़े उद्योगों के लिए भी चिंता का कारण बन रहा है, क्योंकि इस क्षेत्र के लिए कच्चे माल की आपूर्ति भी बाधित हो रही है। खासतौर पर तेल की कीमतों में भारी उछाल आना और इसका असर बाजार में अन्य लगभग सभी सामान पर पड़ना तय माना जा रहा है। दरअसल, इसके समांतर माल ढुलाई के महंगा होने की वजह से सब्जियों से लेकर दूसरी कई जरूरी चीजों के दाम भी बढ़ेंगे। निश्चित रूप से इससे प्रभावित देशों को अपने स्तर पर विकल्प और समाधान निकालने की जरूरत है। मगर सवाल है कि क्या युद्ध में शामिल देशों को इस बात की फिक्र है कि उनकी वजह से दुनिया भर में आम लोगों के सामने अपनी अनिवार्य जरूरतें पूरी करने के लिए जद्दोजहद के कितने मोर्चे खुल गए हैं।

## अपने धर्म व संस्कारों के साथ आधुनिकता के परिवेश में रखें कदम

आज की आधुनिक नारी पुरुषों के कदम से कदम मिलाकर चल रही है चाहे वह राजनीति का क्षेत्र हो, समाज, डॉक्टर, पायलट ,खेलकूद ,सामाजिक संस्थाएं वह अनेकों कंपनियों में कार्यरत होकर अपना विशेष योगदान दे रही है। दुर्गा वाहिनी विश्व हिंदू परिषद विभाग भी रुद्रपुर में होना चाहिए। आज की युवा पीढ़ी की लड़कियां आधुनिकता में कदम रख रही है पर कहीं पर अपने धर्म व संस्कारों से भटक भी रही है इसलिए कहीं जगह वह बड़ी मुसीबत का शिकार हो जाती हैं। आज महिला दिवस के दिन में सभी महिलाओं से कहना चाहूंगी कि वह अपनी मर्यादा व धर्म संस्कारों को ध्यान में रखते हुए हर क्षेत्र में आगे बढ़े जहां कहीं भी कोई महिला का उत्पीड़न हो रहा हो वहां आसपास की सभी महिलाओं को उसका साथ देकर कानून द्वारा समाज में आवाज उठानी चाहिए हम सब में दुर्गा की शक्ति समाहित है यह हमें सदा याद रखना चाहिए। भगवान की अनमोल रचना नारी शक्ति को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं ।



– **शालिनी गोयल, रूद्रपुर**

# रामनगर की कविता बिष्ट ने 200 महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर

## एसिड हमले से झुलसा चेहरा फिर भी हौसलों की उड़ान से लिख दी सफलता की नई कहानी

रामनगर (उद संवाददाता)। मेरे सपनों की उड़ान आसमान तक है, मुझे बनानी अपनी पहचान आसमान तक है, यह पंक्तियां साहसी महिला कविता बिष्ट के जीवन पर पूरी तरह सटीक बैठती हैं। वर्ष 2008 में दिल्ली में कार्य के दौरान दो युवकों द्वारा किए गए एसिड हमले ने भले ही कविता का चेहरा और आंखों की रोशनी छीन ली हो, लेकिन उनके हौसलों को वह कमजोर नहीं कर पाया। आज कविता बिष्ट न केवल अपने जीवन को मजबूती से जी रही हैं, बल्कि सैकड़ों महिलाओं के लिए प्रेरणा बनकर उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र बना रही हैं। दृष्टि खोने के बाद भी कविता ने हार मानने के बजाय खुद को हुनरमंद बनाया। उन्होंने कढ़ाई, बुनाई, डिजाइनिंग, मोमबत्ती बनाने और हस्तकला का गहन प्रशिक्षण लिया। वर्तमान में वह रामनगर के जस्सागाजा क्षेत्र में एक कार्यशाला संचालित कर रही हैं, जहाँ 200 से अधिक महिलाएं



स्वरोजगार से जुड़ी हैं। उनकी टीम द्वारा गोबर के दीये, पारंपरिक ऐपण से सजे उत्पाद, जूट के बैग, स्कूल बैग और सजावटी सामान तैयार किए जाते हैं। इन उत्पादों की स्थानीय बाजारों और मेलों में भारी मांग रहती है। कविता का प्रयास है कि महिलाएं घर की जिम्मेदारियों के साथ आर्थिक रूप से भी सशक्त बनें।कविता की संवेदनशीलता का उदाहरण उनकी गोद ली हुई दिव्यांग बच्ची भी है। करीब आठ महीने पहले उन्होंने एक ऐसी बच्ची को अपनाया जो पैरों से कमजोर थी, जिसकी स्थिति अब कविता के प्यार और देखभाल से काफी बेहतर है। कविता बिष्ट के इन्ही साहसिक कार्यों को देखते हुए उत्तराखंड सरकार ने वर्ष 2013 में उन्हें महिला सशक्तिकरण का ब्रांड एंबेसडर बनाया था। हालांकि सरकारी सहायता सीमित समय तक ही रही, लेकिन कविता ने बिना रुके अपना सफर जारी रखा। कविता कहती हैं कि भले ही उनकी आंखों से दुनिया दिखना बंद हो गई, लेकिन उन्होंने अपने सपनों को जीवित रखा। उनका लक्ष्य उन महिलाओं को आत्मविश्वास देना है जिनके पास अवसरों की कमी है। आज उनकी कार्यशाला से जुड़ी महिलाएं अपने हुनर के दम पर परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं। कविता बिष्ट की यह जीवन यात्रा यह साबित करती है कि मंजिलें आंखों से नहीं, बल्कि अडिग हौसलों से तय की जाती हैं।

# अपने अधिकारों को मजबूत करने से सशक्त होंगी महिलाएं

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सिर्फ एक तारीख नहीं है, यह महिलाओं के अधिकारों के लिए आवाज उठाने और उन्हें समान अवसर देने का दिन है। यह



हमें याद दिलाता है कि महिलाओं का सशक्त होना समाज की प्रगति के लिए जरूरी है। हमें हर दिन यह सुनिश्चित करना चाहिए कि महिलाएं अपने जीवन में बिना किसी भेदभाव के आगे बढ़ सकें। व्लादिमीर लेनिन ने 1917 की रूसी क्रांति में महिलाओं की भूमिका को सम्मानित करने के लिए 8 मार्च को 1922 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस घोषित किया। इसके बाद समाजवादी आंदोलन और कम्युनिस्ट देशों द्वारा इसे उसी तिथि पर मनाया जाने लगा। इस अवकाश को 1977 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा बढ़ावा दिया गया।महिलाओं के अधिकारों के इतिहास पर आधारित एक प्रभावशाली सभा प्रस्तुत करें। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का एक और बेहतरीन तरीका है पूरे स्कूल के लिए एक शानदार सभा आयोजित करना। सभा एक ही समय में कई बच्चों को जानकारी देने का एक शानदार तरीका है और लैंगिक समानता पर चर्चा शुरू करने का एक उपयुक्त अवसर भी हो सकता है।अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने वाला एक वैश्विक दिवस है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानून, हेल्पलाइन और अभियान मौजूद हैं, फिर भी कई महिलाएं असुरक्षित महसूस करती हैं। सुरक्षा सिर्फ पुलिस का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक सोच का प्रश्न है। उन्हें सड़क, कार्यस्थल और ऑनलाइन दुनिया में बिना डर के जीने की स्वतंत्रता चाहिए। महिलाओं को सिर्फ रोजगार मिलना ही पर्याप्त नहीं। सवाल यह है कि क्या महिलाओं को समान वेतन और वित्तीय निर्णय की स्वतंत्रता मिलती है। आर्थिक आत्मनिर्भरता का अर्थ अपनी आय, संपत्ति और निवेश पर अधिकार होना है तभी सामाजिक स्वतंत्रता भी मजबूत बनती है। आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस प्रकार से महिलाओं के सम्मान व उनके अधिकारों की रक्षा के साथ ही साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रहे हैं निश्चित रूप से अनुकरणीय है। वहीं दूसरी ओर देश में जिस प्रकार से महिला अपराधों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है वह भी गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। देवभूमि उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने जनप्रतिनिधित्व व सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था की है उससे राज्य की महिलाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। आज समय की आवश्यकता है कि महिलाएं दूसरों पर निर्भर न रहकर स्वयं अपने जीवन के लक्ष्य को निर्धारित कर उसे पूरा करने की कोशिश करें।

–**सुषमा अग्रवाल, रूद्रपुर**

# कब होगा महिला दिवस?



किसलिए कमजोर पड़ जाते है हम,
बस इसलिए कि क्या कहेगा जमाना,
चुप हो कर सब
सहते हैं आखिर किसलिए?
यूँ चुप रहकर उन दरिंदो
की हिम्मत ना बढ़ाना,
धर कर रूप चंडी सा
संहार हैवानियत का कर जाना,
कर प्रतिज्ञा,अब डरना नहीं,
डटकर सामना कर जाना,
अस्त्र उठाकर तू भेड़ियों को भेद जाना,
अब एक नई उम्मीद,एक नई राह,
एक नया मुकाम पाना है हमें,
छू लेना है अब एक नया आसमां
झुकना नहीं,डरना नहीं
अब आवाज कर लो बुलंद अपनी,
जब भी कोई देखे, बदनजरों से तुम्हें
बनकर चंडी संहार करो
स्त्री शक्ति हो तुम
शारीरिक भूख मिटाने का सामान नहीं.
उठो नारी शक्ति मजबूत बनो,
ये लड़ाई तुम्हें खुद ही लड़नी होगी।
मोमबत्तियों की लौ से
ये राह नहीं आसान होगी
भर लो ज्वाला अपने मन में,
ठान लो अपने मन में
अत्याचार से भरी ना कोई
जब रात और सुबह होगी,
महिला दिवस की असली कहानी तब
ही सार्थक होगी।

– निकेता पाहुजा,रुद्रपुर

# आरसेटी में दस दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण का हुआ समापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आरसेटी कुंवरपुर नैनीताल में 25 फरवरी 2026 से संचालित 10 दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस प्रशिक्षण में जनपद नैनीताल के 28 सदस्यों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 19 सदस्यों ने प्रशिक्षण पूर्ण किया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सफल उद्यमी मुकेश बेलवाल (बेलवाल भोग) ने शिरकत की। उन्होंने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए मशरूम उत्पादन को स्वरोजगार के रूप में अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि उत्पाद को बाजार में स्थापित करने के लिए मार्केटिंग और ब्रांडिंग पर विशेष ध्यान देना होगा। साथ ही शुरुआत में बाजार बनाने के लिए अधिक परिश्रम और समय देने की जरूरत है।प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनर हरीश सजवाण ने प्रशिक्षुओं को सैद्धांतिक और व्यावहारिक जानकारी दी। उन्होंने ऑयस्टर मशरूम उगाने का प्रायोगिक



प्रदर्शन किया और बटन मशरूम की यूनिट का भ्रमण कराकर उत्पादन की बारीकियों से रूबरू कराया। इसके अतिरिक्त आरसेटी की फैकल्टी ने सफल उद्यमी के गुण, आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और विभिन्न खेलों के माध्यम से उद्यमशीलता के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षुओं को बैंकिंग संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्रदान की गईं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम में उपस्थित महिला प्रशिक्षुओं और महिला स्टाफ को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।इस दौरान देहरादून से पहुंची एनएआर की मूल्यांकन टीम के सदस्य जीवन सिंह भंडारी और प्रीति भंडारी ने प्रशिक्षणार्थियों का लिखित व मौखिक मूल्यांकन किया। संस्थान के निदेशक अतुल कुमार पांडे ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद भी अगले दो वर्षों तक संस्थान प्रशिक्षुओं के नियमित संपर्क में रहेगा ताकि उनके व्यवसाय और आय सृजन गतिविधियों में मार्गदर्शन किया जा सके। उन्होंने मार्च माह में प्रस्तावित सॉफ्ट टॉयज मेकिंग, पेपर कवर, लिफाफा, फाइल मेकिंग, ट्रेवल एवं टूरिस्ट गाइड और बांस के उत्पाद बनाने के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की भी जानकारी दी। इस मौके पर प्रशिक्षक नरेंद्र सिंह पिलख्वाल और एफएलसी काउंसलर सुरेश बिष्ट ने भी प्रशिक्षुओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र में 79 प्रतिशत मैपिंग कार्य पूर्ण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसआईआर से पूर्व की गतिविधियों के तहत वर्तमान मतदाता सूचियों का 2003 की मतदाता सूचियां के साथ मेपिंग का कार्य चल रहा है। बीएलओ द्वारा हल्द्वानी विधानसभा के 79 प्रतिशत मतदाताओं का मैपिंग कार्य किया जा चुका है। इस मैपिंग कार्य में प्रगति लाने के लिए नगर मजिस्ट्रेट हल्द्वानी द्वारा हल्द्वानी विधानसभा के मतदान केंद्रों पर रोस्टर जारी करते हुए 3 दिन कैंप लगाए जाने के आदेश जारी किए गए थे। इस क्रम में 6 मार्च को कुल 19 तथा 7 मार्च को 7 मतदान केंद्रों में कैंप का आयोजन किया जा चुका है। मैपिंग कार्य के अनुश्रवण/जांच के लिए गजेंद्र सैनी, सहायक नगर आयुक्त हल्द्वानी, भोपाल सिंह मटियानी नायब तहसीलदार हल्द्वानी, कुलदीप पांडे तहसीलदार



हल्द्वानी को आदेशित किया गया था। सभी अधिकारियों ने मतदान केंद्रों में जाकर मैपिंग कार्य का निरीक्षण किया।स्वयं ए पी बाजपई, नगर मजिस्ट्रेट हल्द्वानी ने भी मतदान केंद्रों में जाकर मैपिंग कार्य की जांच की। उन्होंने बीएलओ तथा सुपरवाइजरों को निर्देशित करने के साथ ही मैपिंग से छूट गए मतदाताओं से कैम्प का लाभ उठाने और बीएलओ को मैपिंग में सहयोग करने की अपील की। कैंप में बीएलओ तथा सुपरवाइजरो के अतिरिक्त राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए और क्षेत्रीय पार्षदों ने भी उपस्थित रहकर मतदाताओं के मैपिंग कार्य में सहयोग प्रदान किया।

# एपवा ने महिला कामगारों के लिए अधिकार और सम्मान की मांग उठाई

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला संगठन (एपवा) ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरान महिलाओं के ऐतिहासिक संघर्षों को याद करते हुए महिला कामगारों को उचित अधिकार और सम्मान देने की पुरजोर मांग की गई। एपवा संयोजक शोभना ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का इतिहास 1908 के मजदूर आंदोलनों और रूसी कामगार महिलाओं की ऐतिहासिक हड़ताल से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि ष्रोटी और शांतिष के लिए की गई हड़ताल ने रूस के जार का तख्तापलट कर दिया था और तभी से यह दिवस पूरी दुनिया में कामकाजी महिलाओं के अधिकारों और शोषण के खिलाफ संघर्ष के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है।बार काउंसिल सदस्य अमनदीप कौर ने कहा कि जिन



अधिकारों के लिए महिलाओं ने लंबी लड़ाई लड़ी, वर्तमान पूंजीवादी सरकारें उन पर डाका डाल रही हैं। 8 घंटे काम की ऐतिहासिक जीत के बावजूद अब नए श्रम कानूनों के जरिए मजदूरों से 12-12 घंटे काम कराया जा रहा है। प्रीति मौर्य ने सामाजिक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि समाज आज भी पितृसत्ता और पुरुषवाद की जकड़ में है, जहां महिलाओं को दोयम दर्जे का नागरिक समझा जाता है। उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की जिला उप सचिव अनिता अन्ना ने स्कीम वर्कर्स के शोषण का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आशा, आंगनबाड़ी और भोजनमाताओं को न तो न्यूनतम वेतन मिलता है और न ही राज्य कर्मचारी का दर्जा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अतिरिक्त काम थोपने के बावजूद उन्हें उचित मान सम्मान नहीं दिया जा रहा है।गोष्ठी में वक्ताओं ने एकजुट होकर इस व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अमनदीप कौर, शोभना, प्रीति मौर्य, अनिता अन्ना, नीरज कुमारी, अंकिता पासवान, कृतिका, सौम्यता, अर्चना, पुष्पा मौर्य, पूनम, ललित मटियाली, उत्तमदास सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# अवैध शराब के साथ अभियुक्त को दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आयुक्त कुमाऊं मंडल और जिलाधिकारी नैनीताल के निर्देशों के अनुपालन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत रविवार को प्राप्त एक शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आबकारी टीम ने फूलचौड़ के निकट स्थित एक दुकान में दबिश दी।दबिश के दौरान अभियुक्त लोकेश कुमार टीम को देखकर पकड़े जाने के डर से दुकान की छत पर जाकर छिप गया। टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी की और छत पर पहुंचकर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर अभियुक्त के कब्जे से 118 टेट्रा पैक माल्टा देसी शराब के साथ ही मैकडॉवेल व्हिस्की और आरएस



ब्रांड के 23 पव्वे बरामद किए गए।आबकारी विभाग ने इस मामले में अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60 के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की है। इस दबिश टीम में आबकारी निरीक्षण धीरेंद्र सिंह, उप आबकारी निरीक्षक कैलाशचंद जोशी और महेश चंद्र लोहनी सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## पेज एक का शेष...

**राज्यपाल के अभिभाषण के ...**में जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य के लिए श्शगुन योजनाश के तहत 2000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। चिकित्सा पद्धति में भी अब एआई आधारित तकनीक का प्रयोग शुरू किया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में एनईपी 2020 के तहत अधिकांश मानकों को लागू कर दिया गया है और 810 स्कूलों में 1585 स्मार्ट कक्षाएं संचालित की जा रही हैं।राज्यपाल ने अपने अभिभाषण के अंत में कहा कि सरकार का लक्ष्य श्अंतिम छोर पर खड़े व्यक्तिश तक विकास पहुंचाना है। बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल के इस संबोधन ने आगामी वित्तीय वर्ष के लिए सरकार के संकल्पों को स्पष्ट कर दिया है।

**विपक्ष का भारी हंगामा...**बढ़ने का प्रयास किया, जिन्हें रोकने के लिए पुलिस को भारी मशक्कत करनी पड़ी। विपक्षी दलों का संयुक्त आरोप है कि यदि सरकार के पास ठोस एजेंडा होता, तो सत्र की अवधि कम से कम एक सप्ताह की जानी चाहिए थी। फिलहाल, सत्र के पहले ही दिन हुए इस घमासान ने सदन की आगामी कार्यवाही के और अधिक हंगामेदार होने के संकेत दे दिए हैं।

**सरकार के खिलाफ...**देते हुए एक के बाद एक पांच बैरियर तोड़ दिए। प्रदर्शनकारियों ने न केवल सुरक्षा घेरा तोड़ा, बल्कि पुलिस की उन गाड़ियों को भी रोक लिया जिनमें हिरासत में लिए गए आंदोलनकारियों को ले जाया जा रहा था। कार्यकर्ताओं ने गाड़ियों से अपने साथियों को जबरन नीचे उतार लिया, जिसके कारण मौके पर पुलिस के साथ उनकी जमकर धक्का-मुक्की और झड़प हुई। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद यूकेडी के 10 से 15 कार्यकर्ता पुलिस को चकमा देने में सफल रहे और सीधे विधानसभा भवन के नजदीक तक पहुंच गए। अचानक हुई इस चूक से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इन कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। वहीं, दिवालीखाल में मुख्य भीड़ को रोकने के लिए पुलिस ने पानी की बौछार का का प्रयोग किया, जिससे प्रदर्शनकारी तितर-बितर हो गए। यूकेडी कार्यकर्ता गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाने, मूल निवास और भू-कानून जैसे मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि सरकार जनता की भावनाओं के विपरीत कार्य कर रही है और सत्र की अवधि कम कर जनमुद्दों से भाग रही है। हंगामे के चलते दिवालीखाल से लेकर भराड़ीसैंण तक घंटों अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। पुलिस ने फिलहाल एहतियातन क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी है।

**गुरूद्वारा कमेटी की ...**गई थी। बैठक शुरू होते ही निर्मल सिंह हंसपाल समेत अन्य सदस्यों ने गुरुद्वारे में होने वाले विकास कार्यों और खर्चों का हिसाब मांगा। आरोप लगाया गया कि बार-बार मांग के बावजूद प्रबंधन द्वारा आय-व्यय का ब्यौरा सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है। इसी बात को लेकर डायरेक्टरों के बीच विवाद बढ़ गया और मामला धक्का-मुक्की तक पहुंच गया। हंगामे की सूचना पर मौजूद पुलिस क्षेत्राधिकारी बी.एस. धोनी ने तुरंत हस्तक्षेप किया और सदस्यों को शांत कर बैठक को सुचारू रूप से चलाने का आह्वान किया।बैठक के दौरान पूर्व प्रधान हरबंस सिंह चुघ की सदस्यता समाप्त करने का मुद्दा भी गरमाया। इस पर सचिव ने स्पष्ट किया कि उक्त मामला वर्तमान में न्यायालय के अधीन है। बैठक में हंगामे की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने पहले ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। बैठक में महासचिव अमरजीत सिंह, डायरेक्टर निर्मल सिंह हंसपाल, गुरवंत सिंह सोनी, गुरदयाल सिंह, प्रकाश सिंह, जरनैल सिंह, देवेंद्र सिंह, बजींदर सिंह, कुलदीप सिंह और गुरसेवक सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

**सफाईकर्मियों और...** किया। उन्होंने वहां कार्यरत रसोई कर्मियों से चर्चा की और उनकी आवश्यकताओं व कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि भोजन की गुणवत्ता और शुद्धता में किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। इसके उपरांत मुख्यमंत्री विधानसभा परिसर स्थित जिम में पहुंचे, जहां उन्होंने कुछ समय व्यायाम कर फिटनेस का संदेश दिया। उन्होंने जिम में उपलब्ध आधुनिक उपकरणों और सुविधाओं का निरीक्षण किया और वहां मौजूद अन्य लोगों को भी स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

**भिड़ंत के बाद कई ...** तरह जलकर खाक हो गई। सूचना मिलते ही हरिद्वार के मायापुर फायर स्टेशन से दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, जिन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में कुसुम पत्नी सचिन, निवासी भोगपुर नजीबाबाद, जिला बिजनौर की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस और प्रशासन द्वारा चलाए गए रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान करीब 15 एम्बुलेंस मौके पर पहुंचीं। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर झंडा मेला देहरादून से वापस अपने घर बिजनौर लौट रहे श्रद्धालु इस हादसे का शिकार हुए। घायलों को तत्काल 108 सेवा के माध्यम से हरमिलाप अस्पताल हरिद्वार में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और सीएफओ वंश बहादुर यादव ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। हादसे में घायल होने वालों में ट्राला चालक कासिफ निवासी शामली, सुभाष निवासी नांगल सुक्ती, विक्की, आरव, लवी, नीतू, सोनिया, अंशिका, दिव्यांशु, अनमोल, सोनाक्षी, हर्ष, वंशिका, सिमरन और गुलशन शामिल हैं। घायलों में अधिकांश लोग बिजनौर और आसपास के क्षेत्रों के निवासी हैं। पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाकर हाईवे पर यातायात सुचारु कराया गया। प्रशासन ने घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

**बच्चा चोरी कर ले जाती...**बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। इसी बीच मामले की सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी भी आ गये जिसके बाद लोगों ने पकड़ी गई महिला को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने पकड़ी गई महिला से भी कड़ी पूछताछ कर रही है। गौरतलब हो कि रविवार को भी ट्रांजिट कैम्प के ठाकुरनगर मौहल्ले में बच्चा चोरी करने के शक में लोगों ने एक महिला को पकड़ कर उसकी पिटाई कर दी थी। जिसे पुलिस ने मानसिक रूप से कमजोर बताकर छोड़ दिया था। वहीं आज ट्रांजिट कैम्प के ही मौहल्ला रविन्द्रनगर से भी एक बच्चा संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया है। जिसकी जानकारी परिजनों ने पुलिस को देकर बच्चा चोरी होने का संदेह व्यक्त किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र में एक के बाद इस प्रकार की घटनायें घटित होने से लोगों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर दहशत का माहौल बना हुआ है।

# सिलेंडर फटने से मचा हड़कम्प

दिनेशपुर। खाना बनाते समय एकाएक सिलेंडर फटने से मोहल्ले में हड़कंप मच गया। इस दौरान किचन में रखा सामान जल गया । तो पास में खेल रहा बच्चा घायल हो गया। मौके पर पहुंचे लोगों ने पानी डालकर आग पर काबू पा लिया। गनीमत रही कोई बड़ा हादसा नही हुआ ।जयनगर गांव स्तिथ कृष्णा बिहार निवासी विष्णु देवी पत्नी राम बहादुर सिंह अपने घर के किचन में रोजाना की तरह खाना बना रही थीं। इस दौरान वह किसी काम के लिए छत पर गईं। तो जोरदार आवाज के साथ अचानक



सिलेंडर फट गया। जिससे किचन में आग लग गयी। इस दौरान पास में खेल रहा एक 7 साल का बच्चा भी मामूली रूप से घायल हो गया। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग को बुझा दिया। इस बीच किचन में रखा सामान जलकर राख हो गया। बाद में बच्चे को उपचार हेतु ले जाया गया।

# कूड़ा फैकने के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मॉडल कालोनी के लोगों ने आज आनाझा कालेज के पास भूमि पर नगर निगम द्वारा स्थापित ठोस अपशिष्ट प्रबंध संयत्र के केम्पस में कूड़ा डालने के विरोध में नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना है कि यहां कूड़ा डालने से क्षेत्र का पर्यावरण बेहद प्रदूषित हो रहा है। क्षेत्र में आबादी के साथ ही कई स्कूल भी मौजूद हैं जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने आ रहे है। जिनके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। अतः यहां कूड़ा डालने पर रोक लगाई जाये। ज्ञापन देने वालों में एसके नैयर, ताराचन्द्र जैन, अमित जैन, विजय अग्रवाल, मनोज खेड़ा, अजमेर सिंह, सुनील ठुकराल आदि शामिल थे।



# टी-20 विश्व कप फाइनल में भारत की जीत पर गदरपुर में जश्न

गदरपुर। भारत द्वारा न्यूजीलैंड को हराकर टी-20 विश्व कप फाइनल जीतने पर गदरपुर शहर में खुशी की लहर दौड़ गई। मैच समाप्त होते ही क्रिकेट प्रेमी सड़कों पर उतर आए और जगह-जगह आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया।शहर के विभिन्न बाजारों और मोहल्लों में युवाओं ने भारत माता के जयकारे लगाए तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर टीम इंडिया की शानदार जीत का उत्सव मनाया। देर रात तक गदरपुर में जश्न का माहौल बना रहा और लोगों ने भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन की सराहना की।क्रिकेट प्रेमियों का कहना था कि भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल दिखाते हुए देश का नाम रोशन किया है। टीम इंडिया की इस जीत से पूरे क्षेत्र में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेल प्रतियोगिताओं के साथ मनाया महिला दिवस



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत नैनीताल और खेलो इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में स्पोर्ट्स स्टेडियम हल्द्वानी में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी आयु वर्ग की महिलाओं और बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंतर्गत 100, 200 और 400 मीटर की दौड़ आयोजित की गई, जिसमें अंडर 13, 13 से 18, 18 से अधिक और 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।विभिन्न वर्गों के परिणामों में अंडर 13 आयु वर्ग की 100, 200 और 400 मीटर दौड़ में मोनिका ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी धाक जमाई। इसी वर्ग में जावित्री, प्रेमा, हिमानी और हर्षिता ने भी विभिन्न स्थानों पर कब्जा जमाया। 13 से 18 वर्ष आयु वर्ग में प्रियंका, हर्षिता और नमिता ने अलग-अलग दौड़ प्रतियोगिताओं में बाजी मारी, जबकि दीपिका, संजना, बबीता और नेहा विजेता सूची में शामिल रहीं। 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में आरती ने तीनों श्रेणियों की दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि उमा, प्रियंशी और दीपिका ने दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में रेखा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीनों दौड़ प्रतियोगिताओं में पहला स्थान प्राप्त किया। इस वर्ग में गीता, रश्मि, पुष्पा, कविता लोहनी, मंजू राणा और गीता तिवारी भी विभिन्न श्रेणियों में विजेता रहीं। खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए एक विशेष फन जुम्बा सत्र का भी आयोजन हुआ जिसका सभी ने आनंद लिया।पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कुमाऊँ आयुक्त व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने कहा कि आज महिलाएं परंपरागत सीमाओं को तोड़कर हर क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शिक्षा, खेल और कौशल विकास के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई नवाचार कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के साहस और उपलब्धियों के सम्मान का अवसर है। कार्यक्रम में खेलो इंडिया की ओर से तनुजा आर्या, दुर्गेश परिहार, निलेश गुप्ता, महेश बिष्ट, राजेंद्र नेगी और मेरा युवा भारत की ओर से प्रकाश बिष्ट व मदन मोहन मौजूद रहे। स्पोर्ट्स स्टेडियम से कोच श्याम भट्ट और त्रिलोक सिंह जीना सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अंत में मेरा युवा भारत की उप निदेशक डोल्वी तेवतिया ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन श्याम भट्ट द्वारा किया गया।

# गुरुकुल इंटर कालेज में उल्लेखनीय कार्यों के लिए महिलाएं सम्मानित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। किसी भी समाज की उन्नति तभी सम्भव है, जब समाज की महिलाओं की उन्नति से आत्मबल बढे ष्इसी उद्देश्य के साथ रविवार की सायं ट्रांजिट कैम्प स्थित गुरुकुल इंटर कॉलेज में अतंराष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती डॉ० अंशुल टंडन जिला चिकित्सालय के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधक सुध ांशु मंडल ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के बिना किसी भी समाज की प्रगति संभव नहीं है। विद्यालय के प्रध ानाचार्य एसपी सरकार ने कहा कि नारी वह आधारशिला है जो परिवार, समाज और राष्ट्र को मजबूती प्रदान करती है। इन महिलाओं का त्याग, समर्पण और सेवा भाव ही समाज को प्रेरित करता है। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्रों ने नाटक, कला, तथा नृत्य के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता तथा सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत समाज सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली 150 आंगनवाडी कार्यकर्ती, बीएलओ एवं आशा कार्यकर्ती सहित अनेक महिलाओं, शिक्षिकाओं को विशेष रुप से सम्मानित किया गया। उनके कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया गया। इसी क्रम में विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। उत्तराखण्ड बोर्ड की कक्षा 10वीं की परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र अंबुज शर्मा सहित 7 अन्य छात्रों की माताओं को कमला नेहरु पुरस्कार धनराशि 1000 रुपए चेक के माध्यम से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्रीमती आशा नेगी बाल विकास परियोजना अधि कारी, श्रीमती किरण शर्मा बीआरसी, रुद्रपुर, श्रीमती निर्मला सीआरसी रुद्रपुर, श्रीमती प्रोन्नती शाहा राज्य पुरस्कार से सम्मानित, श्रीमती रीता रॉय शिक्षिका, श्रीमती रुपाकान्ती गायिका, श्रीमती नेहा ध्यानी उप निरिक्षक कोतवाली ट्रॉजिट कैम्प एवं पार्षद सुशील मंडल शामिल रहे।




# झांसे में लेकर बुजुर्ग महिला से 15 लाख के जेवर ले उड़े ठग

रुद्रपुर। शहर की शांति विहार कॉलोनी में एक बुजुर्ग महिला को झांसे में लेकर करीब 15 लाख रुपये के सोने के आभूषण ठग लिए जाने का मामला सामने आया है। दो अज्ञात युवक महिला से बातचीत कर उसे अपने जाल में फंसाने में सफल रहे और बड़ी वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार शांति विहार कॉलोनी निवासी बुजुर्ग महिला रविवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे बाजार जाने के लिए घर से निकली थीं। रेलवे क्रॉसिंग के पास एक युवक ने उनसे किसी व्यक्ति का पता पूछते हुए बातचीत शुरू की। कुछ ही देर में वहां एक और युवक आ गया और दोनों ने महिला को बातों में उलझाए रखा। बताया जा रहा है कि युवकों ने महिला का विश्वास जीतते हुए घर में रखे सोने के आभूषणों के बारे में जानकारी ली और उसे घर से आभूषण लाने के लिए राजी कर लिया। महिला घर जाकर अलमारी से करीब 12 से 13 तोले सोने के आभूषण निकालकर उनके पास ले आई और उन्हें सौंप दिए। आरोपियों ने महिला को एक पोटली थमाते हुए कहा कि इसे घर जाकर खोलना। जब महिला ने घर पहुंचकर पोटली खोली तो उसमें आभूषणों की जगह पत्थर मिले। इसके बाद महिला को ठगी का एहसास हुआ। घटना की जानकारी महिला ने अपने परिजनों को दी, जिसके बाद परिजनों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# पुष्पा देवी ने सिलाई से संवारी परिवार की राह

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जनपद नैनीताल के रामनगर क्षेत्र की निवासी पुष्पा देवी की कहानी साहस और आत्मनिर्भरता की एक अनूठी मिसाल है। जीवन के एक कठिन दौर में पति के असमय निधन के बाद पुष्पा देवी के सामने परिवार की जिम्मेदारी और भविष्य की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई थी। विपरीत परिस्थितियों के बीच हार मानने के बजाय उन्होंने हिम्मत जुटाई और सरकार की योजनाओं के माध्यम से अपने जीवन को नई दिशा देने का निर्णय लिया।पुष्पा देवी ने रीप परियोजना के अंतर्गत प्राप्त 30 हजार रुपये के ऋण की सहायता से अपने घर पर ही मेघा बुटीक सेंटर की शुरुआत की। सिलाई और बुटीक के इस कार्य में शुरुआत में कई चुनौतियां आईं, लेकिन उनकी मेहनत और धैर्य के कारण धीरे-धीरे काम की पहचान बढ़ने लगी। आज वह इस कार्य के माध्यम से प्रतिवर्ष लगभग 60 से 70 हजार रुपये तक की आय अर्जित कर रही हैं। पुष्पा देवी न केवल अपने परिवार का सम्मानजनक पालन-पोषण कर रही हैं, बल्कि उन्होंने यह भी साबित कर दिया है कि संकल्पशक्ति से किसी भी मुश्किल को पार किया जा सकता है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए चलाई जा रही योजनाओं का सकारात्मक असर अब धरातल पर दिखने लगा है। पुष्पा देवी का कहना है कि यदि उन्हें सरकार और रीप परियोजना का सहयोग न मिलता, तो उनके लिए इस कठिन परिस्थिति से उबरना आसान नहीं होता। उन्होंने अपनी सफलता के लिए मुख्यमंत्री और संबंधि त विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुष्पा देवी का यह संघर्षपूर्ण सफर समाज की अन्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रहा है।



# व्यापारियों ने किया महिलाओं को सम्मानित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल महानगर ईकाई द्वारा महिलाओं को फूल माला पहनाकर सम्मानित कर उनके योगदान को नमन किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि महिलाएं समाज की शक्ति और प्रेरणा का स्रोत हैं। परिवार से लेकर व्यापार, शिक्षा, राजनीति और हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी प्रतिभा और परिश्रम से महत्वपूर्ण स्थान बनाया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान करना केवल एक दिन की परंपरा नहीं बल्कि समाज की जिम्मेदारी है।व्यापार मंडल हमेशा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए कार्य करता रहेगा। इस अवसर पर उपस्थित सभी व्यापारियों ने महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें फूल मालाएं पहनाकर व मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के जिला मंत्री राजकुमार सिकरी, मनीष अग्रवाल, पूर्व कोषाध्यक्ष पवन गाबा पल्ली, अंशुल अग्रवाल, जतिन नागपाल, रितु अग्रवाल, तनु छाबड़ा, आकांक्षा बजाज, गीता देवी, नैना, खुशी, मानसी, संगीता कालरा, राजू बजाज, टोनी सुखीजा, राजेश शर्मा, राजेंद्र जुनेजा, रंजीत कुमार, आशीष कुमार सहित अनेको व्यापारी उपस्थित थे।



# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर दृष्टिकोण संस्था ने वितरित की सिलाई मशीनें

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ट्रांजिट कैंप स्थित जन्मभूमि इंटर कॉलेज परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और सामाजिक संस्था दृष्टिकोण की अध्यक्ष पूर्व पालिका चेयरपर्सन मीना शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित करने के साथ ही उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए सिलाई मशीनें वितरित की गईं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रुद्रपुर महानगर कांग्रेस कमेटी की पहली महिला अध्यक्ष ममता रानी और नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे का शॉल ओढ़ाकर व फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया गया।इस दौरान मीना शर्मा ने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं और उनके बिना तरक्की की कल्पना करना नामुमकिन है। उन्होंने जोर देकर कहा कि महिलाएं वह सब कुछ कर सकती हैं जो असंभव प्रतीत होता है। पालिका अध्यक्ष के कार्यकाल से ही वह महिलाओं की उन्नति के लिए निरंतर प्रयासरत रही हैं और दृष्टिकोण संस्था के माध्यम से उन्हें मजबूत बनाने का कार्य कर रही हैं। कौशल सुधार योजना के तहत मशीनें वितरित करने का उद्देश्य महिलाओं को अपने पैरों पर खड़ा करना है ताकि वे अपने परिवार की मदद कर सकें। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने भी महिला दिवस पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर आयोजक मीना शर्मा को भी पगड़ी पहनाकर और तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया।महानगर अध्यक्ष ममता रानी ने कहा कि महिलाएं समाज को नई दिशा देती हैं और मीना शर्मा के सेवा कार्यों से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में गरीब कार्यकर्ता मधु शिकधर सहित अन्य महिलाओं को सिलाई मशीनें प्रदान की गईं। इस दौरान ममता रानी, सरोज रानी, उमा सरकार, पूर्व पार्षद मालती मौर्य, सोनू शर्मा, सुनीता सैनी, नेहा राय, कांति प्रजापति, बेबी सिकदर, मिथलेश पाल, पूजा शर्मा, कमलेश, भूरी देवी, नीलम मौर्य, नीलम गंगवार, ममता दिवाकर, कांति प्रजापति, मधु शिखधर, दीपिका रस्तोगी, उमा विष्ट, सुनीता, नैना, प्रिंसी, किरण जोशी, दीपा जोशी, कविता, भगवती, कृष्ण नेगी, मालती, हर्षिता सहित दर्जनों महिलाएं उपस्थित रहीं।

